PHKM–U–HST

इतिहास (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

HISTORY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

खण्ड—A / SECTION—A

1. आपको दिए गए मानचित्र पर अंकित निम्नलिखित स्थानों की पहचान कीजिए एवं अपनी प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में उनमें से प्रत्येक पर लगभग *30* शब्दों की संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। मानचित्र पर अंकित प्रत्येक स्थान के लिए स्थान-निर्धारण संकेत क्रमानुसार नीचे दिए गए हैं :

Identify the following places marked on the map supplied to you and write a short note of about *30* words on each of them in your Question-cum-Answer Booklet. Locational hints for each of the places marked on the map are given below seriatim : 50

(i) प्रागैतिहासिक स्थल

Prehistoric site

(ii) शैलोत्कीर्ण का क्षेत्र

Area of petroglyphs

(iii) नवपाषाणकालीन स्थल

Neolithic site

(iv) हड़प्पाकालीन स्थल

Harappan site

(v) बौद्ध विहार

Buddhist monastery

(vi) ताम्रपाषाणकालीन स्थल

Chalcolithic site

(vii) नवपाषाण और ताम्रपाषाणकालीन स्थल

Neo-Chalcolithic site

(viii) महापाषाणकालीन शैलचित्रयुक्त स्थल

Megalithic site with rock art

(ix) महाजनपदीय राजधानी व बुद्ध चमत्कार से सम्बद्ध

One of the Mahajanapadas' capital and associated with Buddha's miracle

(x) प्राचीन मानव जीवाश्म प्राप्त स्थल

Hominid fossil find site

(xi) अशोक का मुख्य शिलालेख

Major rock edict of Ashoka

(xii) प्राचीन व्यापारिक केन्द्र

Ancient trade centre

(xiii) करमुक्त भूमि अनुदान को दर्ज करने वाला शिलालेख

Stone inscription recording land grants with tax exemptions

(xiv) पारिवारिक रिश्तों के नामकरणवाला शिवमंदिर समूह

Shiva temples named after family relationships

(xv) कला-सम्बद्ध अभिलेख स्थल

Place of art-related inscription

(xvi) तीन भाषाओं का अभिलेख स्थल

Place of inscription of three languages

(xvii) मंदिर स्थापत्य की तीनों शैलियों के उदाहरण मिलनेवाला मंदिर स्थल

Temple site where three styles of temple architecture are found

(xviii) जैन तीर्थस्थान

Jain pilgrimage site


(xix) गुप्तकालीन शिवमंदिर

Shiva temple of Gupta period

(xx) महापाषाणीय स्मारक क्षेत्र

Megalithic monumental site

INDIA—POLITICAL



2. *(a)* हड़प्पा कला आध्यात्मिक और आनुष्ठानिक जीवन के साथ-साथ उनकी सौंदर्य-सम्बन्धी संवेदनाओं को भी समझने में योगदान करती है। टिप्पणी कीजिए।

Harappan art contributes to our understanding of their aesthetic sensibilities in addition to spiritual and ritualistic life. Comment. 20

(b) भारत में विभिन्न प्रकार की महापाषाणिक शवाधान प्रथाओं पर चर्चा कीजिए। इससे प्राप्त पुरातात्त्विक साक्ष्य हमें धार्मिक मान्यताओं और सांस्कृतिक प्रथाओं को जानने में कितनी मदद करते हैं?

Discuss different types of Megalithic burial practices in India. How far does the archaeological evidence from it help us to know the religious beliefs and cultural practices? 15

(c) पश्चिमी क्षत्रप अपने सामाजिक-आर्थिक योगदान के लिए जाने जाते हैं, विशेषकर व्यापार, कृषि एवं नगरीकरण में। कथन का परीक्षण कीजिए।

Western Kshatrapas are known for their socio-economic contribution, particularly in trade, agriculture and urbanization. Examine the statement. 15

3. (a) बौद्ध प्रतिष्ठानों, व्यापारियों व शिल्पकार श्रेणी के बीच सहजीवी सम्बन्धों व राजाश्रय के कारण मौर्य एवं उत्तर-मौर्य काल में धर्म, अर्थव्यवस्था एवं राजनीति में निकटता पैदा हुई। कथन का परीक्षण कीजिए।

Symbiotic relationships between Buddhist establishments, traders, artisan guilds, and royal support led to a close proximity of religion, economy and polity in the Mauryan and post-Mauryan periods. Examine the statement. 20

(b) मौर्य साम्राज्य के सामाजिक-धार्मिक परिदृश्य को आकार देने में बौद्ध धर्म की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

Discuss the role of Buddhism in shaping the socio-religious landscape of the Mauryan Empire. 15

(c) ऋग्वैदिक काल से उत्तरवैदिक काल के बीच राज्य संस्था और करप्रणाली के उद्‌विकासक्रम की चर्चा कीजिए।

Discuss the evolution of State institution and taxation system from Rigvedic period to later Vedic period. 15

4. (a) खगोल विज्ञान और गणित के क्षेत्र में आर्यभट्ट, वराहमिहिर और ब्रह्मगुप्त के योगदानों पर प्रकाश डालिए।

Highlight the contributions of Aryabhatta, Varahamihira and Brahmagupta in the fields of Astronomy and Mathematics. 20

(b) छठी और आठवीं शताब्दी ई० सं० के बीच पल्लव-चालुक्य संघर्ष-क्रम का परीक्षण कीजिए।

Examine the course of Pallava-Chalukya conflicts between sixth and eighth century CE. 15

(c) आरंभिक मध्ययुगीन भारत में शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अग्रहारों की भूमिका का परीक्षण कीजिए।

Examine the role played by the Agraharas in the promotion of education in the early medieval India. 15

खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) वेसर शैली के मंदिर स्थापत्य की मुख्य विशेषताएँ बताइए।

Illustrate the main features of Vesara style temple architecture.

(b) फिरोज शाह तुगलक की आर्थिक नीतियों का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate Firuz Shah Tughluq's economic policies.

(c) मध्यकालीन भारतीय संस्कृति में कलंदरिया के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate the contribution of Qalandariyyah to medieval Indian culture.

(d) मालवा चित्रकला शैली की मुख्य विशेषताओं की उदाहरण सहित चर्चा कीजिए।

Discuss the main features of Malwa school of painting with examples.

(e) पुर्तगाली औपनिवेशिक उपक्रम की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

Highlight the features of Portuguese colonial enterprise.

6. (a) भारतीय वेदांत में आचार्य-त्रय (आचार्य तिकड़ी) के योगदान का विश्लेषण कीजिए।

Analyze the contributions of Acharya Triumvirate to Indian Vedanta. 20

(b) भारत में 13वीं और 14वीं शताब्दी में हिन्दू और मुस्लिम महिलाओं की स्थिति की तुलना कीजिए और अंतर बताइए।

Compare and contrast the position of Hindu and Muslim women in 13th and 14th century India. 15

(c) औरंगजेब के शासनकाल के दौरान किसान विद्रोह के कारणों एवं परिणामों का परीक्षण कीजिए।

Examine the causes and consequences of peasants uprising during the reign of Aurangzeb. 15

7. (a) ''श्रेय दिलाने के बजाय, इबादतखाना ने अकबर की बदनामी बढ़ा दी।'' टिप्पणी कीजिए।

"Instead of bringing credit, the Ibadat Khana brought growing discredit to Akbar." Comment. 20

(b) मराठा गुरिल्ला युद्ध रणनीति ने बड़ी और अधिक स्थापित सेनाओं के खिलाफ उनकी सैन्य सफलताओं में कैसे योगदान दिया?

How did the Maratha guerrilla warfare tactics contribute to their military successes against larger and more established armies? 15

(c) हैदराबाद राज्य के राजनीतिक परिवर्तन में आसफ जाही वंश की भूमिका का परीक्षण कीजिए।

Examine the role of Asaf Jahi Dynasty in the political transformation of the State of Hyderabad. 15

8. *(a)* इंडो-इस्लामिक वास्तुकला के विकास में बहमनी सुल्तानों के योगदान की चर्चा कीजिए।

Discuss the contributions of Bahmani Sultans to the development of Indo-Islamic architecture. 20

(b) 18वीं सदी के भारत की राजनीतिक अर्थव्यवस्था पर पानीपत के तीसरे युद्ध के प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate the impact of the Third Battle of Panipat on the political economy of 18th century India. 15

(c) भारत में यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों की स्थापना के फलस्वरूप हुई नगरीकरण की प्रक्रिया का परीक्षण कीजिए।

Examine the process of urbanization caused by the establishment of European trading companies in India. 15

★★★